Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide uniform facilities to veterans of JP movement detained during emergency period

प्रो. चिंतामणि मालवीय (उज्जैन) ः जे.पी. सेनानियों के रूप में आपातकाल में बन्दी सेनानियों को ज्यादातर राज्यों में सरकारी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कुछ राज्यों में आपातकाल के दौरान में बन्द व्यक्तियों को सुविधाएं मिल रही हैं, लेकिन कुछ राज्यों में जे.पी. सेनानी सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं। पूरे देश में आपातकाल के दौरान स्थिति में सभी एक साथ जेल गये थे। फिर यह असमानता क्यों? इसलिए मेरा अनुरोध है कि आपातकाल में बन्द हुए व्यक्तियों को पूरे देश में एक समान रेल यात्रा सुविधा, चिकित्सा सुविधा मासिक सम्मान राशि आदि प्रदान कर सेनानियों के समकक्ष मान्यता दी जाए।